BUSINESS LINE, Delhi, 23.6.2024
Page No. 12, Size:(8.77)cms X (8.25)cms.

# CNG prices hiked by ₹1/kg in Delhi/NCR

**Our Bureau**
New Delhi

The prices of compressed natural gas (CNG) were raised by ₹1 to ₹75.09 per kg, effective Saturday morning, in Delhi and the National Capital Region (NCR).

In Noida, Greater Noida and Ghaziabad, the price has increased to ₹79.70 per kg from ₹78.70 per kg. The price of CNG has also been raised by ₹1 in Ajmer, Pali, Rajsamand, Rewari, Meerut, Muzaffarnagar and Shamli.

**ROBUST DEMAND**

India's gas demand remained robust at 197 million standard cubic meters per day (MSCMD) in April compared to 195-196 MSCMD during January-March 2024, led by strong LNG demand in the power segment.

The LNG demand continued to strengthen in April, with sustained moderation in spot prices, driven by power, CGD (city gas distribution) and fertilizer segments, according to JM Financial. The CGD sector gas demand improved slightly m-o-m as the LNG demand rose to offset reduction in APM gas allocation.




However, Asian spot LNG price rose recently to around $12 per million British thermal units (mbtu), or in line with historical average of around 15 per cent of Brent, on account of continued strong cooling demand amidst high temperatures in South-East Asia and China.Though spot LNG price is still relatively lower against other alternative fuel prices, it is at a premium compared to LPG/Propane price.

Sustained rise in Asian spot LNG prices could be a concern for all gas companies, particularly for CGD companies as spot LNG's pricing power against propane has reduced recently. Besides, the low-cost APM gas allocation is also gradually declining for the CNG/domestic PNG segment, JM Financial added.

TIMES OF INDIA, Delhi, 23.6.2024
Page No. 6, Size:(20.68)cms X (19.70)cms.

# In first hike in 6 months, IGL raises CNG price by ₹1/kg

Times News Network

**New Delhi:** IGL on Saturday raised CNG (compressed natural gas) price by Re 1 per kg in Delhi and neighbouring cities as well as in other markets, marking the first hike in six months that could prompt a clamour for fare hikes by auto, goods carriers, taxi and bus operators.

The price of PNG (piped natural gas) supplied to households remained unchanged.

After the latest increase, CNG will cost Rs 75.09 per kg in Delhi, up from Rs 74.09. In Noida, Greater Noida, and Ghaziabad, the new price will be Rs 79.70 per kg from Rs 78.70 per kg.

IGL had last raised CNG price by Re 1 per kg on December 14 last year in all its markets. In March, however, the price was reduced by Rs 2.50 per kg to Rs 24.09.

Company executives said IGL's input costs have risen due to rising dependence on imported and auctioned domestic gas from the market, which are costlier, to meet rising demand amid inadequate supply of cheaper gas under govt price control from ONGC's fields.

**In New Delhi, CNG will now cost Rs. 75.09 per kg, up from the previous rate of Rs 74.09. There was no change in piped cooking gas prices**

More than a third of CNG supplied by IGL is currently being met with costlier gas sourced from the market. This does not impact PNG prices since it gets first priority over govt-controlled cheaper gas from ONGC's fields.

Other city gas retailers have so far not announced any change in prices.

In Ajmer, Pali, and Rajsamand in Rajasthan, CNG prices have been increased to Rs 82.94 per kg from Rs 81.94 per kg by IGL.

CNG prices have also increased in Rewari, Haryana, as well as Meerut, Muzaffarnagar, and Shamli in Uttar Pradesh -- towns serviced by IGL.

PIONEER, Delhi, 23.6.2024
Page No. 1, Size:(6.31)cms X (7.41)cms.

# CNG price in Delhi, adjoining cities hiked by ₹1 per kg

**New Delhi:** CNG price in Delhi and adjoining cities was on Saturday hiked by Re 1 per kg following a drop in the supply of subsidised input natural gas.

Indraprastha Gas Ltd, the firm that retails CNG automobiles and piped cooking gas to households in Delhi and adjoining cities, announced the hike in rates on its website.

In New Delhi, CNG will now cost Rs 75.09 per kg, up from the previous rate of Rs 74.09. In Noida, Greater Noida, and Ghaziabad, the price has increased to Rs 79.70 per kg from Rs 78.70 per kg.

There, however, was no change in piped cooking gas prices. IGL did not give reasons for the increase.

MILLENNIUM POST, Delhi, 23.6.2024
Page No. 1, Size:(12.59)cms X (16.80)cms.

# CNG price in Delhi, adjoining cities hiked by Re 1 per kg

**NEW DELHI:** CNG price in Delhi and adjoining cities was on Saturday hiked by Re 1 per kg following a drop in the supply of subsidised input natural gas.

Indraprastha Gas Ltd, the firm that retails CNG automobiles and piped cooking gas to households in Delhi and adjoining cities, announced the hike in rates on its website.

In New Delhi, CNG will now cost Rs 75.09 per kg, up from the previous rate of Rs 74.09. In Noida, Greater Noida, and Continued on P4

# CNG price...

Ghaziabad, the price has increased to Rs 79.70 per kg from Rs 78.70 per kg.

There, however, was no change in piped cooking gas prices.

IGL did not give reasons for the increase but sources said the hike was warranted because the firm now has to buy more imported gas following a drop in domestic supplies.

Natural gas pumped out of the ground and seabed is turned into CNG for running automobiles. But supplies from ONGC's domestic fields have not kept pace with the CNG demand.

Gas from ONGC fields make up for 66-67 per cent of CNG demand of IGL. The rest has to be imported.

Domestic gas supplies are prioritized for piped cooking gas purposes and so there is no hike in that segment, sources said. However, there has been no change in CNG prices in Gurugram, as it is serviced by a different company.

Other city gas retailers have so far not announced any change in prices.

In Ajmer, Pali, and Rajsamand in Rajasthan, CNG prices have been increased to Rs 82.94 per kg from Rs 81.94 per kg by IGL.

CNG prices have also increased in Rewari, Haryana, as well as Meerut, Muzaffarnagar, and Shamli in Uttar Pradesh -- towns serviced by IGL. MPOST

ASIAN AGE, Delhi, 23.6.2024
Page No. 2, Size:(2.46)cms X (12.14)cms.

# CNG price up by ₹1/kg in Delhi, Noida & Ghaziabad

AGE CORRESPONDENT
NEW DELHI, JUNE 9

CNG price in Delhi and adjoining cities was on Saturday hiked by ₹1 per kg following a drop in the supply of subsidised input natural gas. Indraprastha Gas Ltd (IGL), the firm that retails CNG automobiles and piped cooking gas to households in Delhi and adjoining cities, announced the hike in rates on its website.

In New Delhi, CNG will now cost ₹75.09 per kg, up from the previous rate of ₹74.09. In Noida, Greater Noida, and Ghaziabad, the price has increased to ₹79.70 per kg from ₹78.70 per kg.

There, however, was no change in piped cooking gas prices.

The IGL did not give reasons for the increase but sources said the hike was warranted because the firm now has to buy more imported gas following a drop in domestic supplies.

Natural gas, pumped out of the ground and the seabed, is turned into CNG for running automobiles. But supplies from ONGC's domestic fields have not kept pace with the CNG demand.

Gas from ONGC fields makes up for 66-67 per cent of CNG demand of IGL. Domestic gas supplies are prioritised for piped cooking gas purposes so there is no hike in that segment, sources said. However, there has been no change in CNG prices in Gurgaon as it is serviced by a different company.

HINDUSTAN TIMES, Delhi, 23.6.2024
Page No. 3, Size:(18.61)cms X (7.09)cms.

# CNG price up by ₹1/kg

**NEW DELHI:** CNG price in Delhi and adjoining cities was hiked by ₹1 per kg following a drop in the supply of subsidised input natural gas on Saturday.

Indraprastha Gas Limited, the firm that retails CNG automobiles and piped cooking gas to households in Delhi and other cities in NCR, announced the hike in rates on its website. In Delhi, CNG will now cost ₹75.09 per kg, up from ₹74.09. In Noida, Greater Noida, and Ghaziabad, the price has increased to ₹79.70 per kg from ₹78.70.

However, there has been no change in piped cooking gas prices. IGL did not give reasons for the increase but people aware of the matter said the hike was warranted because the firm now has to buy more imported gas following a drop in domestic supplies.

Natural gas pumped out of the ground and seabed is turned into CNG for automobiles. Gas from ONGC fields make up for 66-67% of CNG demand of IGL. **HTC**

TIMES OF INDIA, Delhi, 23.6.2024
Page No. 26, Size:(17.74)cms X (25.41)cms.

# For world-class firms, is India going Korea way?

## SWAMINOMICS



**SWAMINATHAN S ANKLESARIA AIYAR**

Without any announcement or perhaps even a plan, the govt seems to be creating an Indian version of the Japanese zaibatsu and Korean chaebol — giant conglomerates supported by the state to create national champions that can take on western corporate giants.

The zaibatsu were corporate families that in 1900-1940 converted a once-backward country into a global power that could fight the UK and US in World War II. The zaibatsu were supported by state subsidies and monopolies. They gave kickbacks, leading to charges of crony capitalism. Dismantled by the US occupying forces after WW-II, they re-appeared in new avatars, and spearheaded Japan's industrial rise from 1950 to 1990.

Korea industrialised rapidly from 1960 onwards. As in Japan, govt backed conglomerates called 'chaebol' such as Hyundai, Daewoo, Samsung and Lucky Goldstar. Daewoo went bust but the others became world class. They too were called crony capitalists. The chaebol, like the zaibatsu, were successful examples of what is now called 'industrial policy' — govt support through subsidies and other favours to help create national champions.

India appears to be moving in a similar direction. It now has a corporate Big Three — Tata, Ambani, and Adani — well ahead of the rest. The next tier is headed by Kumar Birla, accompanied by Sajjan Jindal (JSW), Sunil Mittal (Bharti Airtel), and Anil Agarwal (Vedanta).

Rahul Gandhi accuses the govt of giving them favours for money. He seems to think one can become a top industrialist by buying favours. No, India is an extremely competitive place where the biggest groups of yesteryear have been laid low despite their historic links with top politicians. Where are Hindustan Motors (CK Birla group), Premier Automobiles (Walchand), JK Synthetics (Singhania sub-group), the Thapars or DCM today? Alas, their historical supremacy was not matched by their ability to compete.

All industrialists make political contributions, lobby for favours, and get some rewards. But without enterprise and high efficiency, they wither in the face of competition engendered by globalisation and new upstarts. In the licence-permit raj till 1989, anybody who got an industrial licence could mint money in monopolistic conditions. Today licences have been abolished and competition has killed many big names of yore.

Rahul Gandhi accuses Anil Ambani of being a beneficiary of crony capitalism, a charge the latter strongly denies, pointing out that the group bagged big projects when UPA was in office. Yet Anil Ambani, who was once on the global rich list, went virtually bust while his brother Mukesh soared sky high. One was competitive and the other was not. Favours did not matter.



**SUNNY OUTLOOK:** A field of solar panels at an Adani energy park. The company wants to be a world leader in renewables while Tata is eyeing the global EV market

Like Japan's zaibatsu or Korea's chaebol, India's Big Three are conglomerates operating in several fields. In the West, the track record of conglomerates is poor. But in developing countries, good management is a scarce resource. Groups that have it can expand successfully into a huge variety of new sectors. Tata is in IT, steel, autos, power, chemicals and electronics. Adani has diversified from ports into power, cement, airports, solar parks and equipment. Rahul Gandhi says he got favours. But that alone cannot explain his meteoric rise, just as favours alone did not explain the success of Mitsubishi or Hyundai.

To promote manufacturing, BJP govt launched a production-linked incentive (PLI) scheme. Its big success has been in attracting Apple for cellphones, with Google Pixel likely to follow. But this may not thrill the RSS: it wants national champions, not MNCs. The problem till recently was that Indian companies were good enough for middling technology but lacked the skills and capital to become world class.

That is finally changing. Govt is building on this by helping the top conglomerates to become world-class national champions. In green hydrogen, a cutting-edge area, the govt is backing Reliance Industries and Adani with PLIs to become world leaders. It offers subsidies of up to 70% for chip fabrication (fabs). Tata will launch the first fab in Dholera, Gujarat. Adani plans to be in the entire value chain from solar equipment to solar parks, becoming a world renewables leader. Tata plans to become a world leader in electric vehicles, and Ambani in telecom. Bharti Airtel is already a major telecom operator in Africa.

Defence has been opened to the private sector. Tata is at the forefront of defence aeronautics. A Reliance subsidiary has showcased software for drones and aircraft design. Adani is building a missile plant in Telangana and plans to make drones too.

Adani is India's top port operator. He is instrumental in helping India compete with Chinese port expansion in Asia, by building ports and terminals abroad in Haifa and Colombo.

Space has been opened to private companies including foreign ones. But rather than letting Tesla's Starlink dominate satellite telephony, both Reliance Jio (Ambani) and Bharti Airtel plan to give it competition and will get all the support they need.

China, Korea and Japan have always been admired for creating national champions. Atmanirbhar (self-reliance) is evolving into chaebolisation. Whether it will succeed is an open question. But the attempt seems to be on. ■

SUNDAY STANDARD, Delhi, 23.6.2024
Page No. 10, Size:(13.65)cms X (24.69)cms.

# Saudi Aramco Chairman reappointed independent director on RIL board

EXPRESS NEWS SERVICE @ New Delhi




THE majority of shareholders of Reliance Industries (RIL) have approved the reappointment of Saudi Aramco Chairman Yasir Othman H Al-Rumayyan as an independent director on the company's board for five years. However, over 16% shareholders voted against the proposal.

The shareholders through a postal ballot approved reappointment of Al Rumayyan as well as appointment of Haigreve Khaitan as independent directors on the board, RIL said in a stock exchange filing. They approved reappointment of long-time company executive P M S Prasad as a director for another 5 years. The resolution for reappointment of Al Rumayyan was carried with 83.97% voting in favour of the resolution. About 16.02% voted against it, the filing showed.

Al-Rumayyan, who also heads Saudi Arabia's Public Investment Fund - among the largest sovereign wealth funds in the world, was first appointed on RIL board in 2021 for a three-year term. His first term ends on July 18, 2024. And now he has been reappointed till July 18, 2029.

Khaitan, partner in Khaitan & Co, was appointed as independent director for five years starting April 1, 2024. But the resolution for his appointment too saw nearly 13% shareholders voting against it.

Nearly 87.15% shareholders voted in favour of his appointment, the filing showed. He has been brought in to provide legal heft to the board. Late M L Bhakta, founding partner of Kanga & Co, was the last legal luminary on RIK board, serving for 42 years till he stepped down due to his advancing age in 2019.

RIL has not had any legal professional as a member on its board since 2019, the shareholder resolution said. "Considering the size and complexity of operations of the company and evolving global and local regulatory landscape particularly in consumer and technology businesses, (it was) thought fit that induction of a vastly experienced senior legal professional as a member of the Board of Directors of the company would be in the interest of the company."

DAINIK JAGRAN, Delhi, 23.6.2024
Page No. 8, Size:(2.58)cms X (7.77)cms.

# आइओसी-ओएनजीसी मध्य प्रदेश में लगाएंगी एलएनजी टर्मिनल

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक देश की इकोनमी में गैस की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना चाहती है। इस लक्ष्य को देखते हुए अब सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने छोटे एलएनजी टर्मिनल बनाने का फैसला किया है। इसके तहत दो बड़ी कंपनियों ओएनजीसी और आइओसी ने मिलकर मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नजदीक एक कम क्षमता का एलएनजी टर्मिनल लगाने की घोषणा की है। यह देश में अपनी तरह का अनूठा टर्मिनल होगा।

एलएनजी टर्मिनल में न सिर्फ गैस के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था होती है, बल्कि प्राकृतिक गैस को लिक्विड में बनाने और इसके परिवहन की भी व्यवस्था होती है। भारत में अभी सात एलएनजी टर्मिनल हैं। इनमें से तीन (दाहेज, हजीरा व मुंद्रा) गुजरात में है जबकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु व केरल में एक-एक हैं।

DAINIK JAGRAN, Rastriya Sanskaran, 23.6.2024
Page No. 10, Size:(2.58)cms X (7.77)cms.

# आइओसी-ओएनजीसी मध्य प्रदेश में लगाएंगी एलएनजी टर्मिनल

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक देश की इकोनमी में गैस की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना चाहती है। इस लक्ष्य को देखते हुए अब सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने छोटे एलएनजी टर्मिनल बनाने का फैसला किया है। इसके तहत दो बड़ी कंपनियों ओएनजीसी और आइओसी ने मिलकर मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नजदीक एक कम क्षमता का एलएनजी टर्मिनल लगाने की घोषणा की है। यह देश में अपनी तरह का अनूठा टर्मिनल होगा।

एलएनजी टर्मिनल में न सिर्फ गैस के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था होती है, बल्कि प्राकृतिक गैस को लिक्विड में बनाने और इसके परिवहन की भी व्यवस्था होती है। भारत में अभी सात एलएनजी टर्मिनल हैं। इनमें से तीन (दाहेज, हजीरा व मुंद्रा) गुजरात में है जबकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु व केरल में एक-एक हैं।

DAINIK JAGRAN, Panipat, 23.6.2024
Page No. 8, Size:(7.50)cms X (21.64)cms.

# आइओसी-ओएनजीसी मध्य प्रदेश में लगाएंगी एलएनजी टर्मिनल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** केंद्र सरकार वर्ष 2030 तक देश की इकोनमी में गैस की हिस्सेदारी को बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना चाहती है। इस लक्ष्य को देखते हुए अब सरकारी पेट्रोलियम कंपनियों ने छोटे एलएनजी टर्मिनल बनाने का फैसला किया है। इसके तहत दो बड़ी कंपनियों ओएनजीसी और आइओसी ने मिलकर मध्य प्रदेश के हट्टा गैस फील्ड के नजदीक एक कम क्षमता का एलएनजी टर्मिनल लगाने की घोषणा की है। यह देश में अपनी तरह का अनूठा टर्मिनल होगा।

एलएनजी टर्मिनल में न सिर्फ गैस के सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था होती है, बल्कि प्राकृतिक गैस को लिक्विड में बनाने और इसके परिवहन की भी व्यवस्था होती है। भारत में अभी सात एलएनजी टर्मिनल हैं। इनमें से तीन (दाहेज, हजीरा व मुंद्रा) गुजरात में है जबकि महाराष्ट्र, तमिलनाडु व केरल में एक-एक हैं।

PUNJAB KESARI, Delhi, 23.6.2024
Page No. 10, Size:(10.07)cms X (15.03)cms.

# ओएनजीसी ने इंडियन ऑयल के साथ की साझेदारी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): ओएनजीसी और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसी एल) ने विंध्यम बेसिन में हट्टा गैस फील्ड के नज़दीक छोटे पैमाने का लिक्विफाईड नैचुरल गैस (एलएन जी) प्लांट स्थापित करने के लिए 17 जून 2024 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। हट्टा एलएनजी प्लांट की स्थापना विंध्यम बेसिन को श्रेणी 2 से श्रेणी 1 के बेसिन में अपग्रेड कर देगी।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर नई दिल्ली के दीनदयाल उर्जा भवन में किए गए, इस अवसर पर डायरेक्टर (प्लानिंग एण्ड बिज़नेस डेवलपमेन्ट), आईओसीएल, सुजोय चौधरी और डायरेक्टर (एक्सप्लोरेशन) ओएनजीसी, सुषमा रावत मौजूद रहे।

प्लांट में पारम्परिक जीवाश्म ईंधन के स्वच्छ विकल्प- एलएनजी के उत्पादन के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। यह प्लांट कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और भारत के जलवायु परिवर्तन उन्मूलन लक्ष्यां को हासिल करने में योगदान देगा।

NAVODYA TIMES, Delhi, 23.6.2024
Page No. 9, Size:(26.48)cms X (23.83)cms.

# केंद्र की मंशा पेट्रोल और डीजल पर जीएसटी लगाने की : निर्मला

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसी) : केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है। अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।



बैठक को संबोधित करतीं निर्मला सीतारमण।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक में वित्त मंत्री ने कहा- राज्यों को दर तय करनी होगी

सीतारमण ने कहा, ''जीएसटी का इरादा पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाना था। अब राज्यों को दर तय करनी है। मेरे पूर्ववर्ती (अरुण जेटली) की मंशा बहुत स्पष्ट थी, हम चाहते हैं कि पेट्रोल और डीजल जीएसटी में आएं।'' जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, उसमें एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को शामिल किया गया था। हालांकि, यह फैसला किया गया कि पांच वस्तुओं - कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा।

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी लागू करते समय केंद्र सरकार की मंशा थी कि कुछ समय बाद पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाया जाए। उन्होंने कहा, ''इसे जीएसटी में लाने का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है। अब सिर्फ यह फैसला करना है कि राज्य जीएसटी परिषद में सहमत हों और फिर तय करें कि वे किस दर के लिए तैयार होंगे।'' सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, ''एक बार यह निर्णय हो जाने के बाद इसे अधिनियम में शामिल कर दिया जाएगा।''

VEER ARJUN, Delhi, 23.6.2024
Page No. 8, Size:(9.52)cms X (7.73)cms.

# केंद्र की मंशा पेट्रोल, डीजल पर जीएसटी लगाने की: सीतारमण

नई दिल्ली, (विप्र)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी कानून में शामिल करने का प्रावधान पहले ही कर दिया है। अब बस राज्यों को एक साथ आकर दर तय करने के लिए चर्चा करनी है।सीतारमण ने कहा, जीएसटी का इरादा पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाना था। अब राज्यों को दर तय करनी है। मेरे पूर्ववर्ती (अरुण जेटली) की मंशा बहुत स्पष्ट थी, हम चाहते हैं कि पेट्रोल और डीजल जीएसटी में आएं। जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, उसमें एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को शामिल किया गया था। हालांकि, यह फैसला किया गया कि पांच वस्तुओं - कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी लागू करते समय केंद्र सरकार की मंशा थी कि कुछ समय बाद पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाया जाए।

## सीजीएसटी के तहत दो प्रतिशत से भी कम करदाताओं को नोटिस

नई दिल्ली, (विप्र)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्रीय जीएसटी प्रशासन के तहत कुल 58.62 लाख करदाताओं में दो प्रतिशत से भी कम को कर नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा अनुपालन आवश्यकताओं को कम करके जीएसटी करदाताओं के जीवन को आसान बनाना है।उन्होंने कहा, मैं करदाताओं को भरोसा देती हूं कि हमारा इरादा जीएसटी करदाताओं के जीवन को आसान बनाना है। हम कम से कम अनुपालन की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने जीएसटी परिषद की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सीजीएसटी की ओर से सभी सक्रिय करदाताओं में केवल 1.96 प्रतिशत को केंद्रीय जीएसटी से नोटिस भेजे गए हैं।

DAINIK BHASKAR, Delhi, 23.6.2024
Page No. 2, Size:(8.40)cms X (9.71)cms.

# दिल्ली में सीएनजी की कीमत में 1 रुपए प्रति किलो की वृद्धि

**नई दिल्ली** | दिल्ली में शनिवार से सीएनजी की कीमत 1 रुपए प्रति किलोग्राम महंगी हो गई। दिल्ली के अलावा नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली में भी सीएनजी के दामों में 1 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। इन सभी जगहों पर सीएनजी की नई कीमतें 22 जून को सुबह 6 बजे से लागू हो गईं। इससे पहले सीएनजी के दामों में इस साल मार्च माह में 2.50 रुपए की कटौती हुई थी, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली थी। दिल्ली में अब सीएनजी की कीमत 74.09 रुपए की जगह अब 75.09 रुपए प्रति किलोग्राम होगी, जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 1 किग्रा सीएनजी के दाम 78.70 से बढ़कर 79.70 रुपए होंगे।

VIRAT VAIBHAV, Delhi, 23.6.2024
Page No. 15, Size:(7.63)cms X (19.54)cms.

# दिल्ली, नोएडा में सीएनजी की कीमत एक रु. प्रति किलोग्राम बढ़ी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। यह मूल्य वृद्धि घरेलू गैस आपूर्ति में कमी के कारण की गई है आईजीएल द्वारा वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपए से बढ़कर 75.09 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपए से बढ़कर 79.70 रुपए प्रति किलोग्राम हो गई है।

NAVODYA TIMES, Delhi, 23.6.2024
Page No. 1, Size:(24.83)cms X (13.39)cms.

# दिल्ली-NCR में CNG की दर एक रुपए बढ़ी

नई दिल्ली, 22 जून (एजेंसी): राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपए प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। यह मूल्य वृद्धि सब्सिडी वाली प्राकृतिक गैस की आपूर्ति में कमी आने के बाद की गई है।

## गुरुग्राम में बदलाव नहीं



दिल्ली और आसपास के शहरों में घरों में सीएनजी ऑटोमोबाइल और पाइप्ड कुकिंग गैस की खुदरा बिक्री करने वाली कंपनी आईजीएल ने अपनी वेबसाइट पर दरों में बढ़ोतरी की घोषणा की। दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये (शेष पृष्ठ 8 कालम 1 पर)

**दिल्ली-NCR में ...**


प्रति किलो हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलो हो गई है। हालांकि, पाइप से आपूर्ति वाली घरेलू गैस की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। हालांकि, गुरुग्राम में सीएनजी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, क्योंकि यहां सेवा एक अलग कंपनी द्वारा की जाती है। राजस्थान के अजमेर, पाली और राजसमंद में सीएनजी की कीमतें आईजीएल द्वारा 81.94 रुपये प्रति किलोग्राम से बढ़ाकर 82.94 रुपये प्रति किलोग्राम कर दी गई हैं। हरियाणा के रेवाड़ी के साथ-साथ उत्तर प्रदेश के मेरठ, मुजफ्फरनगर और शामली में भी सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है।

AMAR UJALA, Delhi, 23.6.2024
Page No. 8, Size:(16.14)cms X (17.81)cms.

**अमेरिका ने ओपेक के कार्टेल को कीमतें बढ़ाने से रोक दिया है, क्योंकि उसका तेल अब यूरोप से लेकर एशिया तक जा रहा है, जहां कभी ओपेक मुल्क अपना तेल बेचते थे। जॉर्ज पी. मिशेल ने अपने जुनून से ऊर्जा के मामले में कमजोर एक मुल्क को केवल तीस साल में दुनिया की तेल ताकत बना दिया।**

# पेट्रोडॉलर युग का अवसान !

## अमेरिका : तेल संकट से बादशाहत तक



**अमेरिकी लोग जॉर्ज पी. मिशेल को पर्यावरण हितैषी के तौर पर याद करते हैं। पर्यावरण के बैरी तेल उद्यमियों को ऐसी प्रतिष्ठा नहीं मिलती। मिशेल की इस पहचान की वजह है यह वुडलैंड्स शहर, जिसमें रहना हर अमेरिकी का सपना है। यह शहर बसाकर मिशेल एक वाइल्डकैटर से ग्रीन सिटी बिल्डर हो गए।**



अंशुमान तिवारी
वरिष्ठ लेखक-पत्रकार

सऊदी अरब तेल बेचने के लिए अमेरिकी डॉलर के साथ येन, युआन और यूरो को भी स्वीकार करेगा। यकीनन यह पेट्रोडॉलर युग के अवसान का एलान है। 1970 के दशक में अरब-इस्राइल युद्ध के दौरान अरब देशों ने अमेरिका में तेल की आपूर्ति बंद कर दी थी। इसके बाद सऊदी अरब व अमेरिका के रिश्ते सुधरे और सामने आया पेट्रोडॉलर समझौता, जिसके तहत पूरी दुनिया सऊदी अरब के तेल के बदले उसे अमेरिकी डॉलर देती थी। इटली में जी-7 की जुटान के बीच हुए इस फैसले से अमेरिका को बड़ा फर्क नहीं पड़ा, क्योंकि वे दिन गए, जब सऊदी शेख तेल की कीमतें तय करते थे और अमेरिकी बाजारों में सिहरन दौड़ जाती थी। अमेरिकी विदेश विभाग के नुमाइंदे परिंदों की तरह अरब में मंडराते थे, ताकि शेखों का पारा ठंडा रहे। बीते पचास वर्षों में तेल का भूगोल ही बदल गया और बदल गई तेल कूटनीति की धुरी भी। सऊदी को तेल बेचने के लिए चीन का बाजार चाहिए, क्योंकि अमेरिका तेल उत्पादन में आत्मनिर्भर ही नहीं, निर्यातक भी हो गया है।


वह कौन था, जिसने 1970 के दशक में अरब के तेल के मोहताज अमेरिका को दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक और चौथा सबसे बड़ा निर्यातक बना दिया? किसी एक पीढ़ी में इससे बड़ी ऊर्जा क्रांति हाल की सदियों में नहीं देखी गई। यह किसी राजनेता, डिप्लोमेट या अर्थशास्त्री का करिश्मा नहीं था। एक जुनूनी वाइल्डकैटर यानी गैर पारंपरिक तरीकों से तेल खोजने वाले उद्यमी ने अमेरिकी तेल उद्योग की सूरत बदल दी। आइए, संभालिए अपनी सीट टाइम मशीन में...

हम ह्यूस्टन टेक्सास के उत्तर में पाइन के जंगलों के ऊपर से उड़ते हुए वुडलैंड्स पहुंच रहे हैं। यह शहर नगर योजना, प्राकृतिक साहचर्य और आर्थिक सफलता की अनोखी दास्तान है। अमेरिकी यहां बसने को बेताब रहते हैं। अमेरिका को तेल की मोहताजी से बादशाहत तक लाने वाले जुनूनी वाइल्डकैटर ने ही यह अनोखा शहर बसाया था।

अब हम 1980 के दशक के अमेरिका में हैं। नीचे दिख रहा इलाका टेक्सास का है, जो अमेरिकी तेल उद्योग के रॉकफेलर वाले युग का गढ़ है। अगर यहां के माहौल में चिंता या उदासी महसूस कर रहे हैं, तो आपको अमेरिकी तेल संकट की खबर लग गई होगी। रॉकफेलर दौर के तेल कुएं अब सूख रहे हैं। अमेरिका की ऊर्जा सुरक्षा पश्चिमी एशियाई देशों के पास गिरवी है। तेल आयात बंद, तो अमेरिका बंद। 1970 में ओपेक देशों के ऑयल इंबार्गो ने अमेरिका को महंगाई और मंदी में धकेल दिया है। अमेरिका को अब नई ऊर्जा क्रांति चाहिए, नहीं तो देश की तरक्की का पहिया धंस जाएगा। अमेरिकी वैज्ञानिक सरकार को बता चुके हैं कि सेडीमेंट्री यानी परतदार चट्टानों में तेल का खजाना छिपा है। शैल एक परतदार चट्टान है, जो भूमि में एक मील की गहराई में मिलती है। इसकी परतों के अंदर तेल और गैस होता है, पर इसे निकालना पेचीदा है। आमतौर पर तेल के कुएं सीधे यानी वर्टिकल होते हैं, जबकि शैल की परतें क्षैतिज या हॉरिजॉन्टल होती हैं। टेक्सास का बर्नेट बेसिन 1980 में खोज लिया गया था। वैज्ञानिकों ने प्रमाणित किया कि इसमें काफी तेल और गैस है। स्टैंडर्ड ऑयल शैल परतों से तेल-गैस निकालने की कोशिश कर चुकी थी, पर कामयाबी नहीं मिली।

**टाइम मशीन**
अतीत से सुनें वर्तमान की धड़कन ▪ हर पखवाड़े

अब हम 1990 के दशक में हैं। हमारी टाइम मशीन टेक्सास के शैल इलाके में उड़ान भर रही है। नीचे देखिए, वह रही मिशेल एनर्जी ऐंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की ऑयल फील्ड। यह कंपनी है जॉर्ज पी. मिशेल की। 21वीं सदी से आ रहे हम लोगों को पता है कि अमेरिका ने शैल ऑयल की मदद से ओपेक देशों के दबदबे को हमेशा के लिए खत्म कर दिया। 1991 में यह क्रांति आपके सामने शुरू हो रही है। टाइम मशीन की मदद से आप अमेरिका के आधुनिक तेल उद्योग की बुनियाद पड़ती देख रहे हैं। मिशेल का टेक्सास हमेशा से अमेरिकी तेल उद्योग का गढ़ रहा है। मिशेल खालिस वाइल्डकैटर हैं, यानी ऐसे उद्यमी, जो अपनी पूंजी से जगह-जगह तेल तलाशते हैं। मिशेल इंजीनियर भी हैं, इसलिए वाइल्डकैटर होने का उनका जुनून 1980 के दशक में नई ऊंचाई पर पहुंच गया। मिशेल ने शैल गैस की पहेली सुलझाने की ठान ली। मिशेल एनर्जी ऐंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने दीवानों की तरह ऐसी तकनीक की खोज शुरू कर दी, जिससे शैल की क्षैतिज परतों तक पहुंच कर उनमें दरार डाली जा सके और तेल व गैस कुएं तक आ जाएं। मिशेल पैराडॉक्स!! ठीक सुना आपने, 1980 के मध्य तक तेल उद्योग में मिशेल को लेकर ऐसा ही मजाक चलता था। तेल की खुदाई तो सीधे वर्टिकल होती थी, मिशेल क्षैतिज ड्रिलिंग की कोशिश में थे। यह तो पैराडॉक्स ही हुआ न!



वर्ष 1991 में जिस वक्त हम मिशेल इंजीनियरिंग की ऑयल फील्ड पर पहुंचे, यहां सफलता का उत्सव चल रहा है। मिशेल ने हॉरिजॉन्टल ड्रिलिंग और हाइड्रोलिक फ्रैकिंग को साध लिया है। मिशेल ने पहले चट्टान में सीधी यानी वर्टिकल ड्रिलिंग की, फिर क्षैतिज खुदाई से शैल की परतों तक जगह बनाई, इसके बाद इसमें भरा गया हाई प्रेशर फ्लुइड, जिसमें होते हैं पानी, रसायन और रेत के दाने, जिन्हें प्रोपेंट्स कहा जाता है, यह फ्लुइड शेल परतों में दरार डालता है। यही फ्रैकिंग है, रेत के दाने इन दरारों में फंस जाते हैं और फिर तेल और गैस कुएं में आने लगती है। 2000 तक यह तकनीक और विकसित व प्रभावी हो गई। 21वीं सदी के पहले दशक में ये शैल चट्टानें इतना तेल और गैस उगलने लगीं कि अमेरिका इसे संभाल नहीं पाया। एक वाइल्डकैटर ने अमेरिका की किस्मत बदल दी। अमेरिका में 2023 तक कुल उत्पादन की करीब 72 फीसदी ड्राई गैस मिशेल के करिश्मे से आती थी। अमेरिका का 66 फीसदी यानी करीब 2.83 अरब बैरल तेल इन परतों से निकलता है। तेल उत्पादन में आत्मनिर्भरता तो कब की हासिल कर ली गई। अमेरिका अब दुनिया में तेल का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है और सऊदी, रूस, ईराक के बाद चौथा सबसे बड़ा निर्यातक है। नई तकनीक से शैल ऑयल की लागत 35 डॉलर प्रति बैरल तक आ गई है, जो रूसी तेल की कीमत के बराबर है। हालांकि सऊदी का तेल अब भी इससे सस्ता है। यह फ्रैकिंग की ताकत है कि अमेरिका ने ओपेक के कार्टेल को कीमतें बढ़ाने से रोक दिया है, क्योंकि उसका तेल अब यूरोप से लेकर एशिया तक जा रहा है, जहां कभी ओपेक मुल्क अपना तेल बेचते थे। जॉर्ज पी. मिशेल ने अपने जुनून से इतिहास बदल दिया। ऊर्जा में कमजोर एक मुल्क केवल तीस साल में दुनिया की तेल ताकत बन गया। टाइम मशीन अब वुडलैंड्स में उतरेगी। अमेरिकी लोग जॉर्ज पी. मिशेल को पर्यावरण हितैषी के तौर पर याद करते हैं। पर्यावरण के बैरी तेल उद्यमियों को ऐसी प्रतिष्ठा नहीं मिलती। मिशेल की इस पहचान की वजह है यह वुडलैंड्स शहर, जिसमें रहना हर अमेरिकी का सपना है। यह शहर बसाकर मिशेल एक वाइल्डकैटर से ग्रीन सिटी बिल्डर हो गए। तेल उद्योग उन्हें इंजीनियरिंग और विज्ञान का महारथी मानता है, मगर मिशेल हमेशा कहते थे, मुझे कोई गलतफहमी नहीं है कि मैं एक वाइल्डकैटर हूं, वैज्ञानिक नहीं। हम फिर मिलेंगे जल्द ही किसी अगले सफर पर...

DAINIK TRIBUNE, Delhi, 23.6.2024
Page No. 1, Size:(28.15)cms X (11.17)cms.

# पेट्रोल, डीजल को जीएसटी दायरे में लाने की तैयारी!

नयी दिल्ली, 22 जून (एजेंसी)

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है। उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी कानून में शामिल करने का प्रावधान पहले ही कर दिया था।

**वित्त मंत्री ने कहा- प्रावधान पहले से, राज्यों को तय करनी है दर**

जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किये जाने के वक्त एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को उसमें शामिल किया गया था। हालांकि, यह फैसला किया गया था कि पांच वस्तुओं- कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा। सीतारमण ने कहा कि जीएसटी लागू करते समय केंद्र सरकार की मंशा थी कि कुछ समय बाद पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में लाया जाए। उन्होंने कहा, 'अब सिर्फ यह फैसला करना है कि राज्य जीएसटी परिषद में सहमत हों और फिर तय करें कि वे किस दर के लिए तैयार होंगे।'

सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, 'एक बार यह निर्णय हो जाने के बाद इसे अधिनियम में शामिल कर दिया जाएगा।'

**2% से भी कम करदाताओं को नोटिस :** वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी प्रशासन के तहत कुल 58.62 लाख करदाताओं में दो प्रतिशत से भी कम को टैक्स नोटिस भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का इरादा अनुपालन आवश्यकताओं को कम करके जीएसटी करदाताओं के जीवन को आसान बनाना है।



नयी दिल्ली में शनिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात करते पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा। -प्रेट्र

## अपील की मौद्रिक सीमा तय

जीएसटी परिषद ने विभिन्न अपीलीय प्राधिकरणों के समक्ष कर विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए एक मौद्रिक सीमा तय की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक के बाद कहा कि जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख, हाईकोर्ट के लिए एक करोड़ और सुप्रीम कोर्ट के लिए दो करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा तय करने की सिफारिश की गयी है। यदि मौद्रिक सीमा, जीएसटी परिषद द्वारा तय सीमा से कम है, तो कर प्राधिकरण आमतौर पर अपील नहीं करेगा।

### प्लेटफॉर्म टिकट जीएसटी फ्री

वित्त मंत्री ने बताया कि रेलवे का प्लेटफॉर्म टिकट, विश्राम कक्ष जैसी सुविधाएं जीएसटी से मुक्त हैं। परिषद ने शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रावास सेवाओं के लिए 20,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति माह तक छूट दी है।

PUNJAB KESARI, Delhi, 23.6.2024
Page No. 1, Size:(6.64)cms X (12.34)cms.

# पेट्रोल, डीजल पर जीएसटी लगाने की मंशा : सीतारमण

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है। उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी कानून में शामिल करने का प्रावधान पहले ही कर दिया है। अब बस राज्यों को एक साथ आकर दर तय करने के लिए चर्चा करनी है।

HINDUSTAN, Delhi, 23.6.2024
Page No. 15, Size:(15.03)cms X (9.76)cms.

# राज्य तय करें पेट्रोलियम दरें : सीतारमण

## जीएसटी परिषद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जीएसटी परिषद की बैठक के बाद शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है।

उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने पेट्रोल और डीजल को जीएसटी कानून में शामिल करने का प्रावधान पहले ही कर दिया है। अब बस राज्यों को एक साथ आकर दर तय करने के लिए चर्चा करनी है।

जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, उसमें एक दर्जन से अधिक केंद्रीय और राज्य शुल्कों को शामिल किया गया था। हालांकि, यह फैसला किया गया कि पांच वस्तुओं कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर बाद में कर लगाया जाएगा।

सीतारमण ने कहा कि जीएसटी लागू करते समय केंद्र सरकार की मंशा थी कि कुछ समय बाद पेट्रोल और डीजल

- **सरकार की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है**

को जीएसटी में लाया जाए। जीएसटी में लाने का प्रावधान पहले ही किया जा चुका है।

**केंद्र ने राज्यों को समय पर कर हस्तांतरण किया :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने राज्यों को प्रोत्साहित करने के लिए समय पर कर हस्तांतरण और जीएसटी मुआवजा बकाया चुकाया है। राज्यों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक में सीतारमण ने उनसे उस योजना का लाभ उठाने के लिए भी कहा, जिसके तहत केंद्र राज्यों को तयशुदा सुधार करने के लिए 50 साल का ब्याज मुक्त ऋण देता है। वहीं, प्रतिभागियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को वित्त वर्ष 2024-25 के आम बजट के लिए कई सुझाव भी दिए। राजस्थान की वित्त मंत्री और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि उन्होंने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना, जल जीवन मिशन और रेलवे लाइनों के लिए आवंटन में बढ़ोतरी की मांग की।



नई दिल्ली में शनिवार को आयोजित बैठक में मौजूद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण।

## उर्वरक पर जीएसटी में कमी के लिए होगा विचार

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पी केशव ने शनिवार को कहा कि जीएसटी परिषद ने उर्वरक क्षेत्र को मौजूदा पांच प्रतिशत जीएसटी से छूट देने की सिफारिश को मंत्रिसमूह के पास भेज दिया है। दरों को युक्तिसंगत बनाने के लिए गठित मंत्रिसमूह अब इस मुद्दे पर विचार करेगा। परिषद ने उर्वरक बनाने वाली कंपनियों और किसानों के हित में पोषक तत्वों तथा कच्चे माल पर जीएसटी कम करने पर चर्चा की। जीएसटी परिषद की बैठक के बाद केशव ने कहा कि उर्वरकों पर जीएसटी दर कम करने का प्रस्ताव मंत्रिसमूह को भेज दिया गया है।

## अपील दायर करने के लिए अधिकतम राशि घटाई

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अपीलीय अथॉरिटी के समक्ष अपील दायर करने की अधिकतम राशि 25 करोड़ से घटाकर 20 करोड़ सीजीएसटी प्री-डिपॉजिट कर दी जाएगी।

छोटे टैक्सपेयर्स की मदद के लिए जीएसटी काउंसिल ने 2024-25 के लिए रिटर्न दाखिल करने हेतु जीएसटीआर 4 के लिए 30 जून की तारीख कर दी है। मुकदमेबाजी को कम करने के लिए काउंसिल ने अपील दायर करने के लिए हाई कोर्ट के लिए 1 करोड़ और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ की लिमिट की सिफारिश की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2017-18, 2018-19, 2019-20 के लिए डिमांड नोटिस पर ब्याज और जुर्माना माफ कर दिया जाएगा, अगर 31 मार्च 2025 तक टैक्स का भुगतान कर दिया जाता है। सीतारमण ने कहा कि बचे हुए एजेंडे पर चर्चा के लिए मीटिंग अगस्त के मध्य में आयोजित करने का फैसला लिया गया है।

VEER ARJUN, Delhi, 23.6.2024
Page No. 2, Size:(20.47)cms X (13.45)cms.

# सीएनजी की कीमत एक रुपए प्रति किलोग्राम बढ़ी

नई दिल्ली (वीअ)। राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी की गई। यह मूल्य वृद्धि घरेलू गैस आपूर्ति में कमी के कारण की गई है।आईजीएल द्वारा वेबसाइट पर दी गई जानकारी के अनुसार, दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74.09 रुपये से बढ़कर 75.09 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78.70 रुपये से बढ़कर 79.70 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। अन्य शहरी गैस आपूर्तिकर्ताओं ने अभी तक कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं किया है।